>

Title: Need to release funds for completion of embankment of along the Mahananda river in Bihar.

श्री प्रदीप कुमार सिंह (अररिया) : माननीय सभापति महोदय, मैं माननीय प्रधान मंत्री जी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं और साथ ही साथ मैं बताना चाहता हूं कि जिस बिहार की पहली और देश की दूसरी बड़ी नदी जोड़ योजना को माननीय वन मंत्री और जल शक्ति मंत्री जी द्वारा मंजूरी दी गई है । मैं मिथिलांचल और सीमांचल के एरिया से आता हूं । इस क्षेत्र में एक ओर बाढ़ और दूसरी तरफ सिंचाई की समस्या से जूझ रहे बिहार की सभी प्रमुख बातों को ध्यान में रखते हुए, कोसी और मेची नदियों को आपस में जोड़ने के लिए 4,900 करोड़ रुपये की कोसी-मेची नदी जोड़ परियोजना को मंजूरी दी गई है । इस योजना के धरातल पर उतरने से न सिर्फ कोसी और सीमांचल के इलाके की बाढ़ की समस्या खत्म होगी, बल्कि दो लाख हैक्टेयर से अधिक जमीन की सिंचाई भी हो सकेगी ।

माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि मैं जिस क्षेत्र से आता हूं, वह सीमांचल का एरिया है, वह मिथिलांचल भी बोला जाता है और नेपाल पर अवस्थित है । हमारे यहां एक महानंदा बेसिन परियोजना वर्ष 2013 में भारत सरकार द्वारा स्वीकृत की गई थी । मैं आपके माध्यम से माननीय जल शक्ति मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि मैं कोसी के एरिया से आता हूं और वहां महानंदा की 5-6 नदियां हैं, जैसे सुरसर, बकरा, कनकई, नुना, भलुवा ऐसी नदियां हैं । वर्ष 2013 में एक परियोजना महानंदा बेसिन चालू की थी । चार फेजेज़ में नदियों के तटबंध का काम होना था, जिसमें एक फेज का काम हुआ है, लेकिन चारों फेजेज़ का काम पूरा कर दिया जाए । मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि माननीय मंत्री जी पैसा रिलीज करें और बाढ़ का सुरक्षात्मक बांध बना दें, इससे बाढ़ से मुक्ति मिलेगी ।

माननीय सभापति : सभी सम्मानीत सदस्यों से निवेदन है कि शून्य काल में बोलने वालों की संख्या बहुत ज्यादा है । जो पहले 10 नाम हैं, वे दो मिनट तक बोलें और बाकी जो एडिशनल हैं, वे एक मिनट में अपनी बात समाप्त करें ।